**बिहार में रेल फाटकों पर ऊपरि पुलों का निर्माण**

9610. **श्री सुरेन्द्र झा सुमन :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों अर्थात् 1975–76, 1976-77 और 1977-78 मे बिहार सरकार ने किन-किन स्थानो पर रेल फाटको पर उपरि-पुल बनाने की माग की है ;

(ख) दरभगा, मधुबनी और समस्तीपुर जिलों मे ऐसे स्थानों के नाम क्या है जो उपरोक्त माग मे सम्मिलित है; और

(ग) राज्य सरकार की इन मागो पर रेलवे विभाग की क्या प्रतिक्रिया है ?

**रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण)** : (क) 1975-76 से 1977-78 तक बिहार राज्य सरकार से मौजूदा समपारों के बदले निम्नलिखित ऊपरी सड़क पुलों के निर्माण के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं :—

**सड़क पुल का स्थान**

(1) मोतीहारी
(2) छपरा और टेकनवास के बीच
(3) छपरा और रिविलगंज के बीच
(4) चक्रधरपुर
(5) चाईबासा
(6) कंड्रा
(7) सासाराम
(8) आरा पश्चिम
(9) जमुई
(10) गड़वा रोड
(11) बिहुरा
(12) डाल्टनगंज
(13) जहारिया
(14) गयाटिक्कारी

(ख) प्रश्न के भाग (क) के उत्तर मे उल्लिखित कोई भी प्रस्ताव दरभंगा, मधुबनी तथा समस्तीपुर जिलों के लिए नही है।

(ग) विस्तृत ड्राइंग तथा प्राक्कलन जैसी आवश्यक प्रारम्भिक कार्रवाइया पूरी हो जाने तथा उन पर पारस्परिक सहमति हो जाने और अपने हिस्से की लागत वहन करने तथा ऊपरि सडक पुल के चालू हो जाने पर समपारों को बन्द करने के सम्बन्ध मे राज्य सरकार से वचनबद्धता प्राप्त हो जाने पर इन प्रस्तावों को रेलो के भावी निर्माण कार्यक्रमो मे शामिल करने के बारे मे विचार किया जायेगा।

**Prices of bulk drugs and formulations**

9611. SHRI ANINTHU SATHOO: Will the MINISTER OF PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) prices of bulk drugs and formulations approved taken into accounts in respect of the following bulk drugs during the last 3 years; (i) Trimethoprim & Sulphamethoxazole (ii) Durabolin and Decadurabolin (iii) Glybenclamide (iv) Doxycyline (v) Furse. mide and Prenylamine Lactate (iv) Hydrocartisone; and

(b) also indicate the actual import price/indigenous price at which the formulations procured the drugs during each year?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM & CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI JANESHWAR MISHRA): (a) and (b). A Statement indicating the import prices/indigenous prices of bulk drugs in force during the last

three years and the prices of formulations based thereon in respect of certain major companies is laid on the House. [*Placed in Library. See* No. LT-2284/78].

**Small scale drug firms**

9612. SHRI S. S. SOMANI: Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) how many small scale firms in drugs are operating in India, their names, production of formulations, releases of raw materials and sales value for the last three years;

(b) is it a fact that small scale sector have suffered during last three years due to canalisation of bulk drugs distributed through CPC/IDPL and preferential treatment given to firms with more than 26 per cent foreign equity; and

(c) the details of complaints received in this regard and action taken on them?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PETROLEUM & CHEMICALS AND FERTILIZERS (SHRI JANESHWAR MISHRA): (a) There are more than 2500 drug units operating in the Small Scale Sector in the country. Ne system exists at present for monitoring, on a regular basis, the activities of these units. Hence the information asked for is not available. The time and labour involved in collecting such information from each unit would not be commensurate with the results likely to be achieved.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

**पुलों का चौड़ा किया जाना**

9613. श्री मोतीभाई आर० चौधरी : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पश्चिम रेलवे के बहुचराजी-चाणस्या रेलवे लाइन में सायावाड़ा गांव के निकट का रुपेण-पुष्पावती नदी पर पुल कम चौड़ा है जिसके कारण मौनसून में वर्षा का पानी वहां जमा हो जाता है जिसके आसपास के गांवों में पानी भर जाता है और फसलों और सम्पत्ति का बहुत नुकसान होता है और यातायात बन्द हो जाता है ;

(ख) क्या वर्ष 1975 और 1977 में यह स्थिति पैदा हुई थी और वहां पर एक सर्वेक्षण भी किया गया था ;

(ग) क्या उपरोक्त पुल को चौड़ा करने का विचार है ताकि इस प्रकार की गम्भीर स्थिति दोबारा न पैदा हो ;

(घ) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या वहां की जनता की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त पुल को शीघ्र चौड़ा बनाया जायेगा ।

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) से (ङ). रुपेन नदी पर बेचराजी और चामबेल स्टेशनों के बीच कि० मी० 68 5 पर स्थित पुल सं० 110 का जल-निकास मार्ग पर्याप्त है । विगत में अप्रत्याशित बाढ़ के कारण कुछ गांवों को क्षति पहुंची जबकि पानी नदी के के किनारों से बाहर बहने लगा । बाढ़ के कारण रेल सेवा में रुकावट नहीं पड़ी । चूंकि पुल का जल-निकास मार्ग पर्याप्त है, इसलिए न तो कोई सर्वेक्षण किया गया है और न ही उसे चौड़ा करने का कोई प्रस्ताव है ।